Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **खैरथल में पटवारी हल्का मातौर 1000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 16 मई, शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री अशोक कुमार, पटवारी पटवार हल्का मातौर तहसील मुण्डावर जिला खैरथल तिजारा को 1000/– **रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उनकी भाभी के बच्चों के नाम विरासत का इन्तकाल खोलने के नाम पर 2000/– रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत का सत्यापन करवाये जाने पर दौराने सत्यापन परिवादी से 500/– रूपये  रिश्वत के मांग कर प्राप्त किये एवं 500/– रूपये परिवादी से पूर्व में लिये जा चुके थे। शेष 1000/– रूपये की रिश्वत राशि के साथ आरोपी श्री अशोक कुमार पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जिस पर एसीबी रेंज जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–चतुर्थ श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी चौकी अलवर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र कुमार** टीएलओ एवं अन्य ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री अशोक कुमार पटवारी, पटवार हल्का मातौर को परिवादी से 1000/– रूपये रिश्वत रशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया हैं।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।